भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
DIGITAL - EPAPER
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 93 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# शिक्षा मंत्री ने दिखाया सख्त रुख : सरकारी स्कूलों में खामियां, मोबाइल पर बात करता शिक्षक निलंबित





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को कोटा शहर के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। इस दौरान कई खामियां सामने आईं। बृजराजपुरा राजकीय विद्यालय में गणित शिक्षक अजय जैन को कक्षा के समय मोबाइल पर बातचीत करते पाए जाने पर तत्काल निलंबित कर दिया गया। मंत्री सुबह सूरजपोल, बृजराजपुरा और महावीर नगर थर्ड स्थित स्कूलों में बिना पूर्व सूचना पहुंचे। वे सीधे कक्षा में गए और पढ़ाई की स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान कई शिक्षकों के पास ड्यूटी समय में मोबाइल पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रिंसिपल के सुपुर्द किया गया। मंत्री ने स्टाफ रूम, अटेंडेंस रजिस्टर, कक्षाओं और रसोईघर का भी बारीकी से निरीक्षण किया तथा छात्रों से पढ़ाई और सुविधाओं के बारे में सीधे सवाल किए। खामियां मिलने पर शिक्षा मंत्री ने संबंधित स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को लेकर प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य में बाधा डालने वाली किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दिलावर ने शिक्षकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कक्षा में अनुशासन और पढ़ाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समय पर स्कूल पहुंचने और बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान देने की हिदायत दी।

छात्रों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके बेहतर भविष्य के लिए हर संभव कदम उठा रही है, लेकिन इसके लिए शिक्षकों का समर्पित सहयोग अनिवार्य है।

# कांग्रेस का फसल मुआवजा जन अधिकार आंदोलन आज, पुलिस ने कड़े इंतजाम किए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में फसलों के नुकसान और आमजन की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का शुक्रवार को फसल मुआवजा जन अधिकार आंदोलन होगा । आंदोलन को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, वहीं रैली मार्ग पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे अहिंसा सर्किल स्थित खटीक छात्रावास से होगी। यहां जनसभा के बाद रैली विभिन्न मार्गों से होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां किसान और कार्यकर्ता जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

कांग्रेस ने आंदोलन में पांच प्रमुख मांगें रखी हैं । अतिवृष्टि से खराब



हुई फसलों का मुआवजा, पंचायत परिसीमन में जनता की भावनाओं का ध्यान, सरपंचों को मिले न्यायालय आदेशों की पालना, जर्जर स्कूल भवन व शौचालयों की मरम्मत और भीलवाड़ा शहर में सीवरेज व सड़क निर्माण कार्यों से उत्पन्न अव्यवस्था को दूर करना। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब तक इन मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# दौसा-जयपुर हाईवे पर ट्रक चालकों और आरटीओ टीम में विवाद, धक्का-मुक्की तक पहुँचा मामला

**भीलवाड़ा फोकस @ दौसा**

जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-148 पर कौथून रोड स्थित दौलतपुरा मोड़ पर गुरुवार को ट्रक चालकों और परिवहन विभाग की टीम के बीच चालान कार्रवाई को लेकर विवाद हो गया। मामला बढ़ते-बढ़ते धक्का-मुक्की तक जा पहुंचा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरटीओ इंस्पेक्टर और टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान कुछ ट्रक ड्राइवरों ने टीम पर अवैध वसूली और रुपए नहीं देने पर कागज फाड़ने व चाबियां छीनने के आरोप लगाए। इस बीच बहस इतनी बढ़ी कि चालकों ने विभाग की गाड़ी की चाबी तक ले ली। विवाद के दौरान इंस्पेक्टर ने एक ट्रक चालक को रोकने का प्रयास किया, जिससे हाथापाई की स्थिति बन गई।

आरटीओ जगदीश अमरावत ने ड्राइवरों के आरोपों को निराधार बताया।

उन्होंने कहा कि विभाग की टीम अपनी ड्यूटी कर रही थी और इसी दौरान ट्रक चालकों ने परिवहन विभाग के ड्राइवर से बदसलूकी की। इंस्पेक्टर शशिकांत ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की हुई।



घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा**

थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हनुमान सिंह ने बताया की बीते दिनों गुलाब बाबा की धूणी के मेले में दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद में पीड़ित डालचंद माली और उसके परिजनों पर करीब 50 लोगों ने हमला किया था। लकड़ियों, सरियों और हथियारों से हुई मारपीट में डालचंद सहित तीन अन्य को गंभीर चोटें आई थीं। मामले में पुलिस ने कमल दर्ज कर जाँच शुरू की । जिसमे टीम ने तकनीकी सहयोग और खुफिया सूचना के आधार पर गजेन्द्र गुर्जर (23) और दिनेश वैष्णव (36), दोनों निवासी गुलाब बाबा की धूणी, गुलाबपुरा, को गिरफ्तार किया।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी हनुमान सिंह, उप निरीक्षक गोवर्धन, दीपेन्द्र सिंह, कैलाश चन्द्र, इन्द्राराम, रूपाराम, रविन्द्र और महिपाल शामिल रहे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# गांजा तस्करी के चार आरोपियों को 15-15 साल की सजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) जगदीश प्रसाद शर्मा की अदालत ने बड़े गांजा तस्करी प्रकरण में चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए 15-15 वर्ष के कठोर कारावास और 1.50-1.50 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। मामला 2021 में पुर थाना क्षेत्र में पकड़े गए 560 किलो 80 ग्राम गांजे से जुड़ा है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर के अनुसार, 14 सितंबर 2021 को पुर थानाधिकारी गजराज चौधरी ने मुखबिर की सूचना पर पुर चौराहा पर नाकाबंदी की थी। जांच के दौरान गांजा से भरा लोडिंग टेंपो और उसे एस्कॉर्ट कर रही कार पकड़ी गई। कार चालक आशु तलरेजा निवासी प्रभातनगर उदयपुर और साथ बैठे दयाराम वैष्णव निवासी बम्बोरा से पूछताछ में टेंपो में गांजा होने की बात सामने आई। टेंपो चालक नारायण मीणा निवासी सबीना और खलासी देवीलाल निवासी सलाड़ा से 13 कट्टों में 560 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ।

अदालत ने सभी आरोपियों आशु तलरेजा, दयाराम, देवीलाल और नारायण को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि इस तरह के अपराध समाज को बुरी तरह प्रभावित करते हैं, इसलिए कठोर दंड आवश्यक है।

# नवरात्रि गरबाः पंडाल मे बिना आधार कार्ड नहीं होगा प्रवेश



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने गुरुवार को गरबा आयोजन समितियों के साथ बैठक कर नवरात्रि में गरबा पंडालों में सुरक्षा व अनुशासन के लिए दिशानिर्देश तय किए। बैठक में आयोजकों से अपील की गई कि वे पंडालों में प्रवेश के समय आधार कार्ड जांचें, तिलक लगाएं और केवल सत्यापित व्यक्तियों को ही प्रवेश दें।

बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत व प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने कहा कि लव जिहाद जैसी घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि आयोजन के दौरान अश्लील या फूहड़ गीत न बजाएं और प्रतिभागियों से पारंपरिक हिंदू परिधान में गरबा में शामिल होने का अनुरोध करें।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, महानगर सहमंत्री सुमित खंडेलवाल, सुशील सुवालका, पवन ठाकुर, निलेश सोनी, अभिषेक पाराशर सहित अनेक आयोजन समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## महात्मा गांधी हॉस्पिटल में नर्सिंग छात्रों ने स्टाफ पर अभद्रता व मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

महात्मा गांधी हॉस्पिटल में कार्यरत थर्ड ईयर नर्सिंग छात्रों ने ड्यूटी डॉक्टर, नर्सिंगकर्मियों और ग्रेड फोर्थ स्टाफ पर अभद्र व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। छात्रों ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान उनसे मरीजों की भर्ती, रजिस्टर एंट्री, डाइट चार्ट सहित वार्ड के सभी काम करवाए जाते हैं। यहां तक कि ग्रेड फोर्थ के कार्य भी उन पर थोपे जाते हैं, और मना करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि रात की ड्यूटी के दौरान स्टाफ आराम करता है, जबकि जरा सी झपकी आने पर उन्हें डांटकर परेशान किया जाता है।

नर्सिंग छात्रों ने कहा कि लगातार हो रही प्रताड़ना से उनका मानसिक और शारीरिक संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## श्याम कृपा महोत्सव का भव्य समापन

### 72 फीट तोरण द्वार पर सजा बाबा श्याम का दरबार, इत्र-पुष्प वर्षा में झूमे भक्त



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री श्याम प्रेमी परिवार संस्था द्वारा अग्रवाल उत्सव भवन में आयोजित त्रिदिवसीय श्याम कृपा महोत्सव का भव्य समापन हुआ। पहली बार शहर में 72 फीट ऊंचे तोरण द्वार पर बाबा श्याम का दरबार सजा, जहाँ 56 भोग अर्पित किए गए और इत्र-पुष्प वर्षा से पंडाल भक्तिरस में डूब गया। भजन संध्या में जयपुर की रजनी राजस्थानी, कोलकाता के रवि बेरीवाल और दोसा के अजय शर्मा ने भजनों से माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया। हजारों श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए श्याम श्याम के जयकारे लगाते रहे।कार्यक्रम में संतों, अतिथियों का सम्मान किया गया।

## सफाई कर्मियों की नियुक्ति पर विवाद, हेला समाज ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

कस्बे में नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों की नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर हेला समाज के लोगों ने गुरुवार को आक्रोश जताते हुए जिला कलक्टर कार्यालय में एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया को ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि परंपरागत रूप से सफाई कार्य करने वाले हेला समाज के लोगों को दरकिनार कर केवल हरिजन समाज के 30 सफाई कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया गया, जिससे समाज के सैकड़ों लोग बेरोजगार हो गए हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि हेला समाज के लोग वर्षों से नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कार्य कर रहे थे, लेकिन हाल ही में सफाईकर्मी यूनियन के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने अपने प्रभाव का उपयोग कर हरिजन समाज के कर्मचारियों को प्राथमिकता दे दी। इससे हेला समाज के 38 सफाई कर्मियों को काम से वंचित कर दिया गया।

प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन ने बार-बार समस्या बताने के बावजूद समाधान नहीं किया। उन्होंने मांग की कि परंपरागत रूप से सफाई कार्य करते आ रहे हेला समाज के कर्मचारियों को तुरंत काम पर लगाया जाए और उनके रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन देने के दौरान समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## शासन सचिव ने ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों का किया निरीक्षण, लाभार्थियों को पट्टे वितरित




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शासन सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव राजन विशाल ने गुरुवार को बनेड़ा के महुआ खुर्द में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर और नगर निगम परिसर में हुए शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय काउंटरों पर पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली और लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की स्थिति जानी। प्रभारी सचिव ने निर्देश दिए कि शिविरों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी से कार्य करें तथा प्री-कैंप आयोजित कर पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने मौके पर ही लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, ओएसडी चिमनलाल, नगर निगम आयुक्त हेमाराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खबर का असर : बनास नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया पर हरकत में आए अधिकारी

### पीडब्ल्यूडी ने किए अस्थायी सुरक्षा इंतजाम

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



**जसवंत पारीक।** कस्बे के पास बनास नदी पर बनी पुलिया हाल ही में पानी के तेज बहाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिया पर न तो सुरक्षा इंतजाम थे और न ही खतरे की चेतावनी के संकेतक लगाए गए थे, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई थी। गुरुवार को भीलवाड़ा फोकस में हादसे की इंतजार में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिया पर खतरा बरकरार÷ शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद बड़ा असर देखने को मिला। खबर सामने आते ही सार्वजनिक निर्माण विभाग हरकत में आया। विभाग ने पुलिया पर बजरी से भरे कट्टे रखवाकर अस्थायी सुरक्षा प्रबंध किए और दोनों ओर चेतावनी के पत्थर लगवाए, ताकि रात के समय वाहन चालकों को खतरे का अंदेशा हो सके।



हादसे की इंतजार में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिया पर खतरा बरकरार

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

जसवंत पारीक। कस्बे के पास बह रही बनास नदी की पुलिया पिछले दिनों तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण अब तक इसकी मरम्मत या सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिया की करीब 300 फीट लंबी सुरक्षा दीवार ढह गई और एक ओर से ढांचा खोखला हो गया। क्षति के बाद बडलियास पुलिस ने मौके पर पत्थर डलवाकर अस्थायी रोकथाम की, जबकि जिला उप प्रमुख शंकर गुर्जर और कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने निरीक्षण कर विभाग को निर्देश भी दिए थे। पानी उतरने के बाद पुल पर तीन दिन तक आवागमन बंद रहा, लेकिन अब बिना संकेतक और पर्याप्त सुरक्षा के यातायात बहाल कर दिया गया है। रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त हिस्सा साफ दिखाई नहीं देता, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया के दोनों ओर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं और पुल की तुरंत मरम्मत की जाए, ताकि जानमाल का नुकसान रोका जा सके।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह नदी में उफान आने से पुलिया का करीब 300 फीट सुरक्षा हिस्सा ढह गया था। पुलिया एक ओर से खोखली हो गई थी और तीन दिन तक यातायात बंद रखना पड़ा था। पानी कम होने के बाद मार्ग तो खोल दिया गया, लेकिन सुरक्षा को लेकर विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था।

स्थानीय लोगों ने खबर प्रकाशित होने के बाद हुई कार्रवाई का स्वागत किया, साथ ही पुलिया की स्थायी मरम्मत और पुख्ता सुरक्षा इंतजाम जल्द करने की मांग की। लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में पुलिया पर खतरा अब भी बना हुआ है, इसलिए स्थायी समाधान जरूरी है।

# हाईवे 158 पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई, जल्द शुरू होगा अधूरा निर्माण कार्य





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**


ब्यावर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 158 डी पर वर्षों से अटके 700 मीटर के निर्माण कार्य को शुरू करने की तैयारी में प्रशासन ने गुरुवार को बड़ा अभियान चलाया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने पुलिस और राजस्व विभाग के सहयोग से सड़क किनारे बने अवैध मकानों व ढांचों को ध्वस्त कर रास्ता साफ किया। कार्रवाई के दौरान किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

अधिकारियों ने बताया कि हाईवे के निर्माण में बाधा डाल रहे अतिक्रमणकारियों को पहले ही तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया था। सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक चली। कई मकान मालिकों ने पहले से ही अपने घर खाली कर दिए थे, जबकि कुछ जगह हल्की नोकझोंक भी हुई। दुकानों और मकानों में रखा सामान क्षतिग्रस्त हुआ तथा सड़क किनारे खड़े वर्षों पुराने बरगद के पेड़ सहित अन्य बाधाएं भी हटाई गईं।

यह मार्ग लंबे समय से अधूरा पड़ा था और आसींद, मांडल व ब्यावर के बीच हादसों का स्थल बन चुका था। विधायक जब्बर सिंह सांखला ने भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया था। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अतिक्रमण हटने के बाद शेष निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। कार्रवाई में उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह, तहसीलदार जय सिंह, डीएसपी ओम प्रकाश सिंह सोलंकी, थाना प्रभारी हंसपाल सिंह और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यायाधीशों ने शाहपुरा उपकारागार का किया निरीक्षण




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीलवाड़ा अभय जैन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशाल भार्गव और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगेंद्र सिंह ने गुरुवार को उपकारागार शाहपुरा का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने बंदियों की बैरक, पुस्तकालय, रसोईघर और रसद सामग्री का अवलोकन कर कारागार में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की।

इस मौके पर न्यायाधीशों ने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद किया और उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जेल प्रशासन से दी जा रही सुविधाओं पर चर्चा करते हुए बंदियों की समस्याएं सुनी।

जेल अधीक्षक प्रहलाद गुर्जर को निर्देश देते हुए न्यायाधीशों ने कारागार में स्वच्छता व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं और बंदियों के मानवाधिकारों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा।



**QUICK BITES**

## कबड्डी में सुरेश का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

भीलवाड़ा फोकस @ गांगलास



रायला क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांगलास के खिलाड़ी सुरेश जंगलिया ने जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए जगह बनाई है। सुरेश के चयन से विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। प्रिंसिपल अशोक कुमार सुहिल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सुरेश को विशेष प्रशिक्षण दिलाकर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया जाएगा। ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## कोटड़ी में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम, मरीजों को बांटे फल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण




**( दिनेश पारीक)** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म उत्सव पर सेवा पखवाड़ा के तहत कोटड़ी मंडल की ओर से गुरुवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कोटड़ी राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व जिला परिषद सदस्य धर्मचंद जीनगर, डॉ. सुरेश, डॉ. यादव, उमाकांत शर्मा, राकेश वैष्णव ,ओम माली , प्रभु बैरवा, संजय रुक्लेजा, मनोज जोशी, सौरभ पारीक सहित अस्पताल स्टाफ और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वच्छता व जागरूकता कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता इकाई की ओर से काहार मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने महिलाओं को बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों का मलजल जहाजपुर रोड पर बन रहे एफएसटीपी में ट्रीट किया जाएगा, जिससे गंदगी और प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने साफ-सफाई रखने, पांच वर्ष में सेप्टिक टैंक खाली कराने, मच्छरों से बचाव और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने पर जोर दिया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम व स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस**
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सेवा पखवाड़ा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी पीएम मोदी पर आधारित फिल्म





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को उनके जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म चलो जीते हैं का पहला शो आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने नेतृत्व किया। महापौर राकेश पाठक और पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया भी मौजूद रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि फिल्म देखने के बाद जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री प्रधानमंत्री मोदी के बचपन की एक घटना से प्रेरित है, जो नैतिक व मानवीय मूल्यों पर सोचने और दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देती है।

इस अवसर पर प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, मंजू चेचानी, गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, पंकज क्षोत्रिय, महावीर समदानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शुक्रवार को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपाई विधायक लालाराम बैरवा के नेतृत्व में दोपहर 3.30 बजे आईनॉक्स सिनेमा में यह फिल्म देखेंगे।

## ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों में तेजी से हो रहे कार्य, लाभार्थियों को अधिकतम योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता : प्रभारी सचिव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव और जिले के प्रभारी सचिव राजन विशाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों तथा सहकार सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिविर सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पात्र व्यक्तियों को अधिकतम लाभ मिले।

प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि मुख्य शिविर से पूर्व प्री-कैंप आयोजित कर प्रकरणों की प्रारंभिक सुनवाई व निस्तारण किया जाए। सभी प्रकरणों को रजिस्टर में दर्ज कर उनकी मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, कृषि, समाज कल्याण, ऊर्जा, खाद्य, आपूर्ति और चिकित्सा सहित विभागवार योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही शिविर स्थलों पर बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, छाया और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि शिविरों की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए नोडल और सह नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, एडीएम प्रशासन रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर निगम आयुक्त हेमाराम सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, 69 हजार की पुरस्कार राशि वितरित

**सांवललाल पुरोहित धार्मिक एवं पूत न्यास ने आयोजित किया सम्मान समारोह**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



सांवललाल पुरोहित धार्मिक एवं पूत न्यास की ओर से गुरुवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विजयनाथ सनाढ्य मेधा पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रबंध न्यासी कमलेश सनाढ्य ने बताया कि तहसील के आठ विद्यालयों के 23 मेधावी विद्यार्थियों को 3,000-3,000 की पुरस्कार राशि के साथ स्मृति-चिह्न और प्रमाण-पत्र भेंट किए गए। कुल 69,000 की राशि वितरित की गई। समारोह की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव ने की, जबकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर गोपाललाल लक्षकार मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, डॉ. जगदीश चंद्र, रविकांत सनाढ्य, भवानीशंकर पाराशर, उमेशचंद्र शर्मा सहित न्यास के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बनेड़ा में अतिवृष्टि से फसल खराबे का मुआवजा देने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



**परमेश्वर ।** अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान के मुआवजे को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी रालोपा बनेड़ा ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम श्रीकांत व्यास को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

युवा मोर्चा ब्लॉक उपाध्यक्ष रामधन सारण ने बताया कि ज्ञापन में क्षेत्र के किसानों के लिए जल्द गिरदावरी करवाकर 10 दिनों में मुआवजा राशि देने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की अतिवृष्टि में भी मुआवजा समय पर नहीं मिला था, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। ज्ञापन में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन में हुए घोटाले की जांच और ब्लॉक मुख्यालय पर आधार सेंटर को शीघ्र संचालित करने की भी मांग की गई।

इस मौके पर राजेंद्र जाट, सोनू बालेसरिया, द्वारिका गुर्जर, कैलाश जाट, पप्पू लाल जाट, अनिल जाट, संजय डसानिया, जमना लाल माली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## 69वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गुलमंडी की छात्राओं का जलवा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमंडी की छात्राओं ने 69वीं जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 17/19 वर्ष में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आशाहोली में हुआ।

17 वर्ष वर्ग में संजना माली ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 19 वर्ष वर्ग में नेहा खटीक, खुशबू वैष्णव, दुर्गा माली और जीनत मुईन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी वर्ग में इशिका सिंह और प्रियंका माली को रजत, वहीं पूजा जीनगर, लक्षिता खेरालिया, नशरीन और सुमन खारोल को कांस्य पदक मिला। 19 वर्ष आयु वर्ग की चैम्पियन ट्रॉफी भी गुलमंडी विद्यालय की छात्राओं ने जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। गुरुवार को संस्था प्रधान उषा शर्मा और विद्यालय परिवार ने विजेता टीम व टीम प्रभारी चंदा बागड़ा और पुष्पा मुंदड़ा का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया और आगामी टूर्नामेंट के लिए उत्साह बढ़ाया।

# साइबर सुरक्षा सिखाने के लिए आयोजित हुई कार्यशाला, 300% बढ़े साइबर हमले

## कट्स व एशिया फाउंडेशन की पहल, विशेषज्ञों ने दिए ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के टिप्स

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

छोटे व्यवसायों पर बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए कट्स और एशिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को नला का माताजी स्थित सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संचालकों को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग करना था।

कट्स के कार्यक्रम समन्वयक गौरव चतुर्वेदी ने बताया कि जिले के उद्यमियों को साइबर अपराधों से बचाव और ठगी रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कृष्णांक जुगियानी ने बताया कि 2021 से छोटे व्यवसायों पर साइबर हमले 300% तक बढ़े हैं और 43% हमले इन्हीं पर होते हैं। उन्होंने व्हाट्सएप हैकिंग, ओटीपी फ्रॉड, सिम स्वैप, लोन ऐप ठगी और क्रिप्टोकरंसी धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए तथा किसी घटना पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 या सरकारी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। जयपुर से हेमा शर्मा ने राज्य सरकार की योजनाओं और रिप्स योजना के तहत निवेश व रोजगार बढ़ाने की जानकारी दी। भीलवाड़ा के साइबर एक्सपर्ट निकेश गर्ग ने साइबर बीमा, एंटीवायरस और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में साइबर धोखाधड़ी से प्रभावित लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। संचालन गौरव चतुर्वेदी ने किया, जबकि आभार प्रमोद धाकड़ और कपिल धाकड़ ने व्यक्त किया।



# अजमेर संभाग स्तरीय संस्कृत क्रीड़ा व साहित्यिक प्रतियोगिता में मिंडोलिया प्रथम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मिंडोलिया में चल रही अजमेर संभाग स्तरीय 14 वर्ष छात्र वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी के फाइनल में मिंडोलिया ने राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खेड़ा रास ब्यावर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। खो-खो में सांकड़ा स्कूल ने पहला और मांडल देवा नागौर ने दूसरा स्थान पाया।

साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्कृत शब्द अंताक्षरी में सांकड़ा के शिवराज गुर्जर व बबलू बलाई ने प्रथम, जबकि सांगरिया के आर्य सेन व राहुल बेरवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी अंताक्षरी में सांगरिया के देवराज कुमावत व विष्णु कुमावत विजेता रहे। संस्कृत वाद-विवाद पक्ष में सांगरिया के देवराज कुमावत प्रथम और टोंक के रवि भांड द्वितीय रहे, जबकि विपक्ष में सांगरिया के नरेंद्र बैरवा प्रथम रहे। हिंदी वाद-विवाद पक्ष में पीह बख्तावरपुरा डीडवाना के लोकेश गुर्जर प्रथम रहे। निबंध प्रतियोगिता में भी सांगरिया व टोंक के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में विभागीय प्रतिनिधि व विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।



# ग्रामीण सेवा शिविर में भूमि बंटवारे और नाम सुधार के प्रकरणों का हुआ त्वरित निस्तारण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**मानव तिवाड़ी ।** मकरेड़ी ग्राम पंचायत में गुरुवार को उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में ग्रामीण शिविर आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया।

शिविर के दौरान कांमा गांव के भूमि के बंटवारे से संबंधित प्रकरण में भोली पत्नी स्व. प्रभू भील और संजू देवी पत्नी राजमल मीणा निवासी गोविंदपुरा ने लिखित आवेदन देकर विवाद समाधान की मांग की। शिविर प्रभारी एसडीएम और तहसीलदार ललित डिडवानिया ने दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर दस्तावेजों की जांच कर आदेश जारी किए।

इसी शिविर में रेसुंदा निवासी नरेन्द्र पुत्र घीसुलाल ने राजस्व अभिलेख में नाम सुधार का आवेदन दिया। जांच में सही पाए जाने पर खाता संख्या में दर्ज घनश्याम के स्थान पर घीसुलाल नाम संशोधित कर दिया गया। समाधान मिलने पर नरेन्द्र ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



# सुवाणा में ब्लॉक स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांच

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय सुवाणा में गुरुवार को 17 व 19 वर्ष छात्र वर्ग ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण रहा। मांडल व सुवाणा ब्लॉक स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष वर्ग की 11 और 19 वर्ष वर्ग की 9 टीमों ने भाग लिया।

दूसरे दिन कुल 8 मुकाबले खेले गए। सुबह के सत्र में हुए 6 मैचों में जी स्कूल, सेंट डी मॉडल, संतोखपुरा, आटून, गुरला और पीएम श्री मांडल विजेता रहे। सायंकालीन सत्र में मॉडल विद्यालय और वीटी स्कूल के बीच मैच हुआ, जिसमें वीटी स्कूल ने जीत दर्ज की। निर्णायक मंडल में शकील मोहम्मद, सागर खोईवाल, अरिंजय शर्मा, अनीता कच्छावा, भावना शर्मा, आरिफ, कालूराम जाट, सरिता, किरण खटीक, राधेश्याम, राजेंद्र गुर्जर और शंकर खटीक शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन टीम संयोजक शिखा पाठक और शारीरिक शिक्षक आनंद कुमार धोबी ने किया।



# सेवा पर्व पखवाड़े के तहत ग्रामीण शिविर हुआ आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास

सेवा पर्व पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को विकास अधिकारी रामबिलास मीणा की अध्यक्षता में ग्रामीण शिविर आयोजित हुआ।

शिविर में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पशु टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान, पीएमजेवाई कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार व अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। किसानों को गिरदावरी ऐप डाउनलोड करने व योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में दो किसानों को पट्टे और दो जॉब कार्ड वितरित किए गए। विकास अधिकारी ने बताया कि विश्वकर्मा पेंशन योजना में 60 वर्ष से ऊपर किसानों को 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। इस मौके पर लोकेश टांक, श्रीलाल मीणा, सरपंच धापू देवी, सचिव दया शंकर मीणा सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।



## QUICK BITES

# कन्या महाविद्यालय में एनएसएस ओरिएंटेशन की शुरुआत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार से तीन दिवसीय एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। प्राचार्य सावन कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सामाजिक योगदान और माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण की जानकारी दी गई।

एनएसएस प्रभारी रीना सालोदिया ने बताया कि महाविद्यालय में 17 सितंबर से ÷स्वच्छता ही सेवा÷ पखवाड़ा भी शुरू किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. अंजली अग्रवाल, कृष्ण कुमार मीणा व डॉ. गौरव कारवाल मौजूद रहे।

# काछोला में राज्य राजमार्ग पर खड्डा बना हादसों का कारण

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



त्रिवेणी-जहाजपुर राज्य राजमार्ग 134 पर थल चौराहे के पास सड़क के बीच बना गहरा खड्डा हादसों को न्योता दे रहा है। बीते सप्ताह में कई वाहन इसमें फंसकर असंतुलित हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। कस्बेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# चारभुजा नाथ ग्यारस महोत्सव पर हुआ भजन संध्या का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



उपखण्ड क्षेत्र के गेणोली गांव में भगवान चारभुजा नाथ के ग्यारस महोत्सव पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गायक कमलेश जांगिड़ ने गणपति वंदना से की, जिसके बाद चारभुजा नाथ के जयकारे गूंजे और कई भजनों की प्रस्तुति दी गई। गायक मुकेश गुर्जर ने देवनारायण भगवान की महिमा पर भजन प्रस्तुत किए, वहीं भजन गायिका मीना मीणा, हेमराज शर्मा और श्यामलाल बगाणा ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने श्रद्धालुओं के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, मुकेश माली, मांगीलाल मीणा, विक्रम दमामी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कवि योगेंद्र शर्मा को मिला 'पद्मश्री काका हाथरसी स्मृति सम्मान'

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



हाथरस में आयोजित श्री दाऊजी मेला महोत्सव के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में भीलवाड़ा के प्रख्यात ओजस्वी कवि योगेंद्र शर्मा को पद्मश्री काका हाथरसी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी काव्य साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में जिलाधिकारी राहुल पांडेय, सांसद अनूप वाल्मिकी और मेला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच पर सम्मानित होने के बाद योगेंद्र शर्मा ने ओजस्वी काव्यपाठ कर देशभक्ति का माहौल बना दिया।

साहित्यप्रेमियों ने कहा कि योगेंद्र शर्मा की रचनाएँ राष्ट्र जागरण और नई पीढ़ी को देशभक्ति व समर्पण की प्रेरणा देती हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।